# O. P. JINDAL SCHOOL, SAVITRI NAGAR
## Half Yearly Examination - (2025 – 2026)

**Class: VII** **MM: 80**
**Subject: HINDI** **Time: 3Hrs.**

---

**सामान्य निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- खंड 'क','ख','ग' और 'घ'।

(2) खंड 'क' में बहुविकल्पीय, अतिलघु व लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं।

(3) खंड 'ख' में अतिलघु/लघु उत्तरीय प्रश्न दिए गए हैं।

(4) खंड 'ग' में बहुविकल्पीय व वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(5) खंड 'घ' में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं।

(6) यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए।

---

## खंड 'क' : अपठित बोध (14 अंक)

**1.निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के सही उत्तर लिखिए- (1X3+2X2=7)**

बालक के विकास को माता-पिता के बाद विद्यालय का शिक्षक सबसे अधिक प्रभावित करता है। बालक घर का आँगन लाँघने के बाद विद्यालय पहुँचता है, जहाँ अभिभावक की भूमिका में उसका शिक्षक होता है। मांटेसरी कहती थीं कि "शिक्षक को बाल मनोविज्ञान का ज्ञान होना चाहिए, जिससे बालक को समझने में वह गलती न करें।" शिक्षक अभिभावकों की कमी को पूरा करते हैं, उन्हें स्नेह और प्रेम के माध्यम से ज्ञान देते हैं। शिक्षक का कार्य केवल पुस्तकीय ज्ञान देना नहीं है बल्कि बालक का शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक, सामाजिक आदि क्षेत्रों में अधिकाधिक विकास करना है। शिक्षक प्रेरणा देने का, रूचियों के विकास का, अच्छे चरित्र और नैतिकता का, अच्छी आदतों का तथा समग्र व्यक्तित्व के विकास का कार्य करता है। वह बालक को नवीन एवं सुंदर संसार से परिचित करवाता है तथा उस संसार में रहने के लिए उसमें विभिन्न कौशलों का विकास करता है। शिक्षक शिष्यों को आशावादी दृष्टि से देखता है, उसमें सकारात्मक सोच उत्पन्न करता है और अनुशासन की भावना उत्पन्न करता है।

**(i) बालक के विकास में किसका स्थान होता है?**

(अ) शिक्षक का (ब) माता-पिता का

(स) मित्रों का (द) शिक्षक व माता-पिता का

**(ii) मांटेसरी शिक्षा का क्या मानना है?**

(अ) बालक की प्रगति

(ब) शिक्षक का पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित होना

(स) शिक्षक बालक को समझने में गलती न करें

(द) बालक के केवल शारीरिक विकास होने पर ध्यान देना

**(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) : बालक के विकास को माता-पिता के बाद विद्यालय का शिक्षक सबसे अधिक प्रभावित करता है।**

**कारण (R): शिक्षक माता-पिता की कमी को पूरा करते हैं।**

(अ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) गलत है।

(ब) कथन (A) सही है और कारण (R) कथन (A) की सही व्याख्या करता है।

(स) कथन (A) सही है, किन्तु कारण (R) गलत है।

(द) कथन (A) गलत है, किन्तु कारण (R) सही है।

**(iv) बालक विद्यालय कब पहुँचता है और शिक्षक किसकी भूमिका में होता है?**

**(v) एक शिक्षक बालक की किस प्रकार से सहायता करता है?**

**2.निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए-** **(1X3+2X2=7)**

है जन्म लेते जगह में एक ही,
एक ही पौधा उन्हें है पालता ।
रात में उन पर चमकता चाँद भी,
एक ही-सी चाँदनी है डालता ।
मेघ उन पर है बरसता एक-सा
एक सी उन पर हवाएँ हैं बहीं
पर सदा ही यह दिखाता है हमें
ढंग उनके एक से होते नहीं
छेदकर काँटा किसी की उँगलियाँ
फाड़ देता है किसी का वर-वसन
प्यार में डूबी तितलियों के पर कतर
भौंर का है बींध देता श्याम-तन ।
फूल लेकर तितलियों को गोद में
भौंर को अपना अनूठा रस पिला ।
निज सुगंध और निराले रंग से
है सदा देता कली का जी खिला ।

**(i) एक ही जगह कौन जन्म लेता है ?**

(अ) फूल (ब) काँटा

(स) भौंरा (द) फूल और काँटा

**(ii) 'काँटा' इनमें से कौन-सा काम करता है ?**

(अ) किसी के वस्त्र फाड़ देना (ब) तितलियों के पंख तोड़ देना

(स) भँवरों के शरीर में चुभना (द) ये सभी

**(iii) कथन (A) और कारण (R) को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए-**

**कथन (A) : इस कविता का संदेश है**

**कारण (R) : फूल और काँटा दोनों का काम एक ही होता है।**

(अ) कथन (A) सही है किन्तु कारण (R) सही व्याख्या नहीं करता है।

(ब) कथन (A) गलत है और कारण (R) सही है।

(स) कथन (A) और कारण (R) दोनों गलत हैं।

(द) कथन (A) और कारण (R) दोनों सही हैं।

**(iv) फूल कलियों का मन कैसे खुश कर देते हैं ?**

**(v) काव्यान्श के अनुसार पेड़ किनको एक समान पालता है ?**

## खंड-'ख' (व्यावहारिक व्याकरण)

**3.नीचे दिए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।** **(1X4=4)**

(i) 'षडानन' और 'दिग्गज' का संधि-विच्छेद कीजिए ।

(ii) वि + छेद और जगत् + ईश का संधि करें।

(iii) 'लाठीचार्ज' किस प्रकार का शब्द है?

(iv) योगरूढ़ शब्द का एक उदाहरण लिखिए।

(v) 'आँख' और 'बूढ़ा' शब्द का तत्सम रूप लिखिए।

**4.नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)**

(i) विशेषण-विशेष्य का संबंध किस समास में होता है?

(ii) 'दशानन' का विग्रह कीजिए और समास का भेद लिखिए।

(iii) किस समास में समस्तपद बनाते समय कारकीय विभक्तियों का लोप हो जाता है?।

(iv) 'आपबीती' का विग्रह करें और समास भेद लिखिए ।

(v) द्विगु समास का एक उदाहरण लिखिए।

**5.नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए। (1X4=4)**

(i) कारक के प्रमुख भेदों के नाम लिखिए।

(ii) 'में' और 'पर' किस कारक की विभक्ति है?

(iii) रामायण वाल्मीकि लिखी गई। वाक्य में उपयुक्त विभक्ति चिह्न लगाकर पुन: लिखिए।

(iv) अपादान कारक का एक उदाहरण लिखिए।

(v) कर्ता कारक में संज्ञा के साथ कौन-सी विभक्ति लगी होती है?

**6. नीचे दिए गए पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर दीजिए- (1X4=4)**

(i) विशेषण के प्रमुखत: कितने भेद होते हैं? उनका नाम लिखिए।

(ii) व्यक्ति सदा आदर प्राप्त करता है। वाक्य में संज्ञा शब्द के लिए एक विशेषण लिखिए।

(iii) पीने के लिए केवल एक लीटर पानी बचा है। इस वाक्य में किस विशेषण का प्रयोग हुआ है?

(iv) 'सप्ताह' और 'दिन' शब्दों से विशेषण बनाइए।

(v) विशेषण की कितनी अवस्थाएँ होती हैं? उदाहरण देकर स्पष्ट कीजिए।

## खंड-'ग' (पाठ्यपुस्तक एवं पूरक पाठ्यपुस्तक)

**7.निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

बहुत ही मीठे स्वरों के साथ वह गलियों में घूमता हुआ कहता-"बच्चों को बहलानेवाला,खिलौनेवाला।"
इस अधूरे वाक्य को वह ऐसे विचित्र, किन्तु मादक-मधुर ढंग से गाकर कहता कि सुननेवाले एक बार अस्थिर हो उठते। उसके स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर निकट के मकानों में हलचल मच जाती। छोटे-छोटे बच्चों को अपनी गोद में लिए युवतियाँ चिकों को उठाकर छज्जों पर नीचे झाँकने लगतीं। गलियों और उनके अंतर्व्यापी छोटे-छोटे उद्यानों में खेलते और इठलाते हुए बच्चों का झुंड उसे घेर लेता और तब वह खिलौनेवाला वहीं बैठकर खिलौने की पेटी खोल देता।

बच्चे खिलौने देखकर पुलकित हो उठते। वे पैसे लाकर खिलौने का मोलभाव करने लगते। पूछते-"इछका दाम क्या है? औल इछका? औल इछका?" खिलौनेवाला बच्चों को देखता और उनकी नन्हीं-नन्हीं उँगलियों से पैसे ले लेता और बच्चों की इच्छानुसार उन्हें खिलौने दे देता। खिलौने लेकर फिर बच्चे उछलने-कूदने लगते और तब फिर खिलौनेवाला उसी प्रकार गाकर कहता-"बच्चों को बहलानेवाला,खिलौनेवाला"। सागर की हिलोर की भाँति उसका यह मादक गान गलीभर के मकानों में इस ओर से उस ओर तक लहराता हुआ पहुँचता और खिलौनेवाला आगे बढ़ जाता।

**(i) निकट के मकानों में हलचल क्यों मच जाती थी?**

(अ) खिलौनेवाले की आवाज़ सुनकर (ब) स्नेहाभिषिक्त कंठ से फूटा हुआ गान सुनकर

(स) उसके लाए हुए खिलौने देखकर (द) इनमें से कोई नहीं

**(ii) युवतियाँ कहाँ झाँकने लगती थीं?**

(अ) छज्जों पर नीचे झाँकने लगती थीं।
(ब) चिक से झाँकने लगती थीं।
(स) घरों से झाँकने लगती थीं।
(द) आँगन में झाँकने लगती थीं।

**(iii) बच्चे कहाँ खेलते थे?**

(अ) बाहर स्थित छोटे-छोटे उद्यानों में
(ब) अंदर स्थित छोटे-छोटे उद्यानों में
(स) घरों में
(द) बगीचे के अंदर

**(iv) खिलौने देखकर कौन पुलकित हो उठता था?**

(अ) बच्चे
(ब) बच्चों के माता-पिता
(स) खिलौनेवाला
(द) रोहिणी

**(v) खिलौनेवाले के मादक-मधुर गान की तुलना किससे की गई है?**

(अ) नदी की हिलोर
(ब) सागर की हिलोर
(स) तालाब की हिलोर
(द) हवा की हिलोर

**8.गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित पाँच प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2X4=8)**

(i) हिमालय की बेटियाँ पाठ में आए हुए नदियों का नाम लिखिए।
(ii) लाल ताऊ किस प्रकार बाकी पात्रों से भिन्न है?
(iii) तोतो-चान और यासुकी-चान के माता-पिता को किस भेद के बारे में पता नहीं था?
(iv) तोतो-चान और यासुकी-चान के अपूर्व अनुभव में क्या अंतर था?
(v) 'पापा खो गए' पाठ में लड़की को बचाने के लिए किसने और क्या योजना बनाई?

**9.निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पीय प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1X5=5)**

आकाश का साफ़ा बाँधकर
सूरज की चिलम खींचता
बैठा है पहाड़,
घुटनों पर पड़ी है नदी चादर-सी,
पास ही दहक रही है
पलाश के जंगल की अँगीठी
अँधकार दूर पूर्व में
सिमटा बैठा है भेड़ों के गल्ले-सा

**(i) पाठ के कवि का नाम है-**

(अ) माखनलाल चतुर्वेदी
(ब) सर्वेश्वर दयाल सक्सेना
(स) नागार्जुन
(द) भवानी प्रसाद मिश्र

**(ii) शाम ने किसका साफ़ा बाँधा हुआ है?**

(अ) आकाश का
(ब) सूरज का
(स) नदी का
(द) कपड़े का

**(iii) सूरज की चिलम कौन खींचता है?**

(अ) नदी रूपी चादर
(ब) शाम रूपी किसान
(स) किसान
(द) अंधकार रूपी रात

**(iv) पास ही में क्या दहक रही है?**

(अ) जंगल की अंगीठी (ब) पलाश के जंगल की अँगीठी

(स) चूल्हे की अँगीठी (द) लकड़ी की अँगीठी

**(v) अंधकार किस दिशा में हो रहा है?**

(अ) उत्तर दिशा में (ब) दक्षिण दिशा में

(स) पूर्व दिशा में (द) पश्चिम दिशा में

**10. पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं तीन प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- (2X3=6)**

(i) पक्षी आज़ाद रहकर क्या-क्या करना चाहते हैं?

(ii) दूसरी कठपुतलियों के मन में क्या इच्छा जगी?

(iii) सच्चा मित्र कौन होता है?

(iv) सज्जन व्यक्ति किसके समान होते हैं?

**11.पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधार निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए- (3X2=6)**

(i) श्रीकृष्ण ने भीम और अर्जुन के बारे में जरासंध को क्या बताया?

(ii) भीम ने भरी सभा में क्या शपथ ली?

(iii) श्रीकृष्ण से मिलने पर द्रौपदी ने क्या कहा?

## खंड-'घ' (रचनात्मक लेखन)

**12.निम्नलिखित तीन विषयों में से में से एक विषय पर दिए गए संकेत-बिन्दुओं के आधार पर लगभग 120 शब्दों में एक सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- (6)**

(क) जीवन में अनुशासन का महत्त्व

संकेत बिंदु- * अनुशासन से तात्पर्य * अनुशासन की आवश्यकता * अनुशासनहीनता की हानियाँ

(ख) परिश्रम का महत्व

संकेत बिंदु- * परिश्रम का अर्थ * परिश्रम से होने वाले लाभ * बिना परिश्रम के जीवन

(ग) स्वतन्त्रता दिवस

संकेत बिंदु- * कब मनाया जाता है* इस दिवस को क्यों मनाया जाता है * भारतीय एकता में इसका महत्व

13.विद्यालय में विभाग(सेक्शन) बदलने की प्रार्थना करते हुए प्राचार्य को एक पत्र लिखिए। (5)

**अथवा**

व्यायाम का महत्व बताते हुए अपने छोटे भाई को एक पत्र लिखिए।

14.बीस सितंबर से परीक्षा आरंभ होने के संबंध में एक सूचना तैयार करें। (5)

**अथवा**

हिन्दी दिवस पर विद्यालय में कक्षा छठी से लेकर आठवीं तक के बच्चों के लिए अंतरसदनीय वाद-विवाद कार्यक्रम आयोजित होने वाला है,इसकी जानकारी देते हुए एक सूचना तैयार करें।

15.किसी मोबाइल फोन का एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। (4)

अथवा

दीपावली में बेचे जाने के लिए पटाखों का विज्ञापन तैयार कीजिए। ।